(ख) मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भेजे गये प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और इन प्रस्तावों को कब तक स्वीकार किये जाने की संभावना है ; और

(ग) इस पर कितना व्यय होने का अनुमान है ?

जल संसाधन मंत्री, साथ में जल-भूतल परिवहन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री मनुभाई कोटाड़िया) : (क) से (ग) 75.12 करोड रु० की अनुमानित लागत से मध्य प्रदेश मे राष्ट्रीय राजमार्ग-3 पर इन्दौर देवास खड मे 19.0 कि० मी० लम्बाई को चार लेन का बनाने तथा इन्दौर बाई पास (लम्बाई 31 4 कि० मी) के निर्माण के प्रस्ताव को सभावित सहायता के लिए विश्व बैंक के समक्ष पेश किया गया है । ऋण के लिए अभी विचार-विमर्श किया जाना है । अत. परियोजना के अनुमोदन की संभावित तारीख और व्यय के समय के बारे मे कहना समयपूर्व है ।

दूसरे देशों में भारतीय वाणिज्य दूतावास

746. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय किन-किन देशो मे भारतीय वाणिज्य दूतावास कार्य कर रहे हैं ;

(ख) उन दूतावासो द्वारा विशेष रूप से व्यापार आदि को बढ़ावा देने के लिए क्या-क्या कार्य किये जा रहे है ;

(ग) उन दूतावासो मे नियुक्त अधिकारियों के नाम क्या हैं, साथ ही वे वहां कितनी-कितनी अवधि से हैं ?

विदेश मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) प्रमुख कोंसलावासों, कोंसलावासो तथा सहायक हाई कमीशनो (जो राष्ट्र-मंडल देशो में कोसली कार्यालयों के पदनाम है) की सूची अनुपत्र मे दी गई है जिसमें केन्द्रों तथा देशों का ब्यौरा भी है । [देखिये परिशिष्ट 156, अनुपत्र सं० 15]

(ख) भारत के प्रमुख कोसलावास/कोंसलावास/सहायक हाई कमीशन अनिवार्य रूप से कोसली कार्यालय है जिनसे उनके कोसली अधिकार क्षेत्र के क्षेत्र मे भारतीय राष्ट्रिकों तथा भारतीय मूल के लोगो के हितो और आवश्यकताओ को पूरा करने की उम्मीद की जाती है । जहा आवश्यक होता है भारत के प्रमुख कोंसलावासों/कोंसलावासों/सहायक हाई कमीशनों का इस्तेमाल उनके कोसली प्रत्यावर्तन क्षेत्र मे तथा प्रत्यावर्तन के देश में भारतीय राजदूत/हाई कमीशन के समन्वय से वाणिज्यिक, सास्कृतिक तथा प्रचार कार्य करने के लिए भी किया जाता है । इस प्रकार व्यापार का संवर्धन भी भारत के प्रमुख कोंसलावासों/कोंसलावासो/सहायक हाई कमीशनो के कार्यों में शामिल है ।

(ग) वहा तैनात राजनयिक अधिकार्यों की सूची केन्द्रो मे उनके द्वारा पदभार ग्रहण करने की तारीख के साथ अनुबंध मे दी गई है ।[देखिये परिशिष्ट 156, अनुपत्र स० 15]

Irrigation projects in Tamil Nadu with Central Assistance

747 SHRI R. T, GOPALAN: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state·

(a) the number of irrigation projects undertaken wtih Central assistance under irrigation Development Programme in Tamil Nadu during the Seventh Plan period; and

(b) the progress made and assistance given by the Central Government in this regard so far?

THE MINISTER OF WATER RESOURCES WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF SURFACE